आप किस बारे में जानना चाहते हैं

COVID-19 का परीक्षण

1 जांच कैसे किया जाता है?

अगर आपको कोविड 19 के लक्षण हैं या आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आये हैं जिसे कोविड 19 है , तो आपको जांच पड़ताल करवाना चाहिए। जांच पड़ताल करवाने के लिए सबसे पहले अपने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाता से संपर्क करें।

स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाता के पास जाएँ

कोविड 19 के लक्षणों के लिए लोगों का मूल्यांकन उनके स्वास्थ्य प्रदाता के द्वारा व्यक्तिगत रूप से या फ़ोन पर किया जाता है। वाशिंगटन स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ स्वास्थ्य सेवाएं परिक्षण मार्गदर्शन के आधार पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाता निर्धारित करता है की परिक्षण आवश्यक है या नहीं।

नाक का स्वाब लिया जाता है

यदि प्रदाता यह निर्धारित करता है कि COVID-19 के परीक्षण की आवश्यकता है, तो प्रदाता नाक का एक स्वाब लेगा या रोगी को स्वयं ही स्वाब लेने की विधि बताएगा।

स्वाब को लैब में भेजा जाता है

स्वाब के साथ परीक्षण किट को मूल्यांकन के लिए लैब में भेज दिया जाता है।

लैब का परिणाम वापस रोगी के पास पहुंचता है

यदि परीक्षण परिणाम पॉजिटिव है, तो परीक्षण परिणाम Public Health – Seattle & King County (पब्लिक हेल्थ — सीएटल एंड किंग काऊंटी) को रिपोर्ट किया जाता है।

2 मैं जांच कैसे करवा सकता हूँ ?

जिस किसी को भी कोविड 19 के लक्षण हैं या अगर वो किसी कोविड 19 के मरीज के संपर्क में हैं , उनकी तुरंत जांच होनी चाहिए। आप जांच कैसे करवा सकते हैं ये इस पर निर्भर करता है की आप कौन है। प्राथमिक समूह जैसे आपातकालीन सेवा कर्मी, चिकित्सा कर्मी, और जो सामूहिक जगहों जैसे आश्रयों और दीर्घकालीन देखभाल संस्थाओं में रहने वाले हैं उनकी जांच कराने के लिए आम नागरिकों से अलग सुविधाएँ हैं क्योंकि उन्हें ज्यादा खतरा हो सकता है।

प्रथम प्रतिसादकर्ता

प्रथम प्रतिसादकर्ताओं, जैसे कि पुलिस अधिकारियों और आपातकालीन चिकित्सा सेवा कर्मियों को अपने स्वास्थ्य अधिकारी से बात करनी चाहिए यदि वे COVID-19 के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं। शीघ्र परीक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी ताकि प्रथम प्रतिसादकर्ता जल्दी से कार्यबल में वापस जा सकें।



स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता

स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं को, यदि वे COVID-19 के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं, तो उन्हें कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं या उनके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करनी चाहिए जिन्हें उनके लिए परीक्षण तुरंत उपलब्ध कराना चाहिए।

आम नागरिक जो भीड़भाड़ वाले स्थलों में रहते हैं या कार्य करते हैं

उच्च जोखिम वाले भीड़भाड़ वाले स्थलों, जैसे कि दीर्घकालिक देखभाल सुविधाएं या बेघर सेवाएं, में रहने वाले या काम करने वाले आम नागरिकों के लिए समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं जो COVID-19 लक्षणों का अनुभव करने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित परीक्षण और सहायता का उपयोग करने में मदद कर सकती हैं।

जो लोग बीमार हैं

यदि आप इन समूहों में नहीं आते हैं और को विड 19 के लक्षणों को अनुभव कर रहे हैं या आप किसी कोविड 19 के मरीज के संपर्क में आये हों तो कृपया अपने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाता से संपर्क करें। अगर आपका चिकित्सक जांच नहीं भी कर रहा हो , तब भी वो आपके लक्ष णों पर बात कर सकता है और आपकी जांच और उपचार खोजने में आपकी सहायला कर सकता है।

यह सूचना चित्र 12 मई,2020 को संशोधित किया गया है। सूचना परिव र्तन के अधीन हो सकती है। अधिक जानकारी के लिए हमारे कोविड वे बपेज पर जाएँ:
https://www.kingcounty.gov/covid/hindi

यदि आपके मन में COVID-19 संबंधी कोई प्रश्न हैं, तो इंटरप्रेटर किंग काउंटी कोरोनावायरस कॉल सेंटर के लिए उपलब्ध हैं। इंटरप्रेटर का अनुरोध करने के लिए, 206-477-3977 पर कॉल करें।

Public Health
Seattle & King County